

फिल्मी हीरो पर जचती है ड्रेस 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 24.12.2024 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 246 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## रणथम्भौर में 2 बाघों की लड़ाई, 1 की मौत



जनमार्ग न्यूज

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में 2 बाघों की टेरिटोरियल फाइट में 1 बाघ की मौत हो गई। सोमवार को सुबह वन कर्मियों ने ट्रैकिंग के दौरान साढ़े 3 साल के बाघ के शव को झाड़ियों में पड़ा देखा। इस दौरान बाघ के गले, पैरों पर चोट के निशान मिले हैं। गले पर गहरे दांतों के निशान हैं। रणथंभौर के आमा घाटी वन इलाके में बाघ टी-2309 का सोमवार को शव मिला। वन विभाग के कर्मचारियों ने बाघ के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार किया। विभाग का मानना है कि आमा घाटी वन क्षेत्र में बाघ टी-120 गणेश से टेरिटोरियल फाइट में बाघ टी-2309 की मौत हो गई। दरअसल रणथंभौर के आमा घाटी वन क्षेत्र में सहायक वनपाल योगेश शर्मा, मुरारी लाल सैनी वृक्ष पालक जंगल में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान आमा घाटी वन क्षेत्र में ट्रैकिंग के दौरान युवा बाघ टी-2309 का शव मिला। जिसकी सूचना वनकर्मियों ने वनाधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद डीएफओ रामानंद भाकर, रेंजर अश्वनी प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। यहां पहुंचकर वनाधिकारियों ने बाघ के शव को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद शव को नाका राजबाग लाया गया।

# हिस्ट्रीशीटर राणा बाबा हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

» 1 आरोपी जयपुर से दस्तयाब » हिस्ट्रीशीटर राणा के दोस्त गौरव ने भेजी थी बदमाशों को लॉकेशन

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** कुख्यात हिस्ट्रीशीटर और बाबा गैंग के सरगना कुलजीत राणा (35) की विगत 18 दिसंबर की रात पुरानी आबादी थाना इलाके में ट्रक यूनियन पुलिया के नजदीक एक गली में तलवार, गंडासी,सरियों और लाठी-डंडों आदि से हमला कर बड़ी क्रूरता पूर्वक हत्या कर दिए जाने की घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार को गिरफ्तार कर लिया है जबकि राणा की हत्या की साजिश का मुख्य सूत्रधार जयपुर में दबोचा गया है।उसे श्रीगंगानगर लाया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने आज देश शाम प्रेस वार्ता कर बताया कि कुलजीत राणा की हत्या करने के आरोप में बबलू भाट उर्फ़ बब्बू भाट (24) निवासी चक 9-ए छोटी थाना चूनावढ,जशनदीपसिंह उर्फ जशन बराड (32)निवासी मोहनपुरा,सलीम उर्फ मलकिया खान (30) निवासी तथा कासिम अली उर्फ कालू खान (32) निवासी मियों की ढाणी कैदार चौक पुरानी आबादी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक अन्य आरोपी गौरव उर्फ गौरु चूचरा को जयपुर में दस्तयाब किया गया है। उसे श्रीगंगानगर लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपियों सहित कई अन्य बदमाश व्यक्ति 18 दिसंबर को अनूपगढ़ में सब जेल के पास इकट्ठे हुए थे। जेल में मुलाकात करने के पश्चात रास्ते में एक जगह रुक कर कुलजीत राणा की हत्या की प्लानिंग बनाई गई। रास्ते में आते समय घटना में इस्तेमाल तलवारें, सरिया और लाठी आदि हथियार इकट्ठे किए गए। उन्होंने बताया कि इस वारदात में 10-11 लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे जबकि कुछ अन्य आरोपी घटना स्थल से दूर प्लानिंग में शामिल रहे थे। गौरव उर्फ गौरु मृतक कुलजीत राणा और आरोपियों का काणन दोस्त था। गौरव ने ही 18 दिसंबर की रात कुलजीत सिंह उर्फ राणा को बातों में लगाकर ट्रक यूनियन पुलिया के समीप सेवक साउंड वाली गली में एक पीजी हॉस्टल के पास ले गया था। उसी ने ही आरोपियों को कुलजीत की लोकेशन दी थी ताकि वह उसे पर हमला कर सकें। उन्होंने बताया कि बाकी आरोपियों की धरपकड़ करने के प्रयास चल रहे हैं। मृतक कुलजीत उर्फ राणा पर 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार कुलजीत व्यक्ति 3 दिसंबर को ही जेल से छुटकर आया था। वह अनूपगढ़ सब जेल में बंद था। वहीं पर उसका एक प्रतिद्वंद्वी बदमाश गुरजंट उर्फ जंटा भी एक अन्य मामले में बंद है। जंटा भी चूनावढ थाना क्षेत्र का कुख्यात अपराधी एवं हिस्ट्रीशीटर है। विगत 18 दिसंबर को बब्बू भाट सहित 25-30 लोग विभिन्न गाड़ियों में अनूपगढ़ गए थे।इनमें से तीन ने जंटा से मुलाकात की थी। फिर वहां से वापस आते हुए कुलजीत को ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई। कत्ल किए जाने के समय कुलजीत के साथ उसका चचेरा भाई गुरुराज्यवर्धन सिंह निवासी ढींगावाली जाटान भी था जो कि अपनी जान बचाने के लिए भाग गया था। बाद में उसी के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर गौरु, गुरजीत उर्फ सरपंच जटसिख, हमजोत, जश्न बराड,आकाश, गोरी, बब्बू भाट, सलीम आदि लगभग एक दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। गुरजीत उर्फ सरपंच को उद्योग विहार क्षेत्र का रहने वाला है जो कि वहां एक तथाकथित ट्रैक्टर ट्राली यूनियन का सर्वे सर्वा है।

## पांचवीं-आठवीं में फेल होने वाले बच्चे प्रमोट नहीं होंगे



जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** 5वीं और 8वीं क्लास के एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को अब पास नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। पहले इस नियम के तहत फेल होने वाले स्टूडेंट्स को दूसरी क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था। सरकार के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में वो प? रहे थे उसी में दोबारा पढेंगे। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8वीं तक के ऐसे बच्चों को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। 16 राज्यों में पहले से ही लागू है नो-डिटेंशन पॉलिसी केंद्र सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब 3 हजार से ज्यादा स्कूलों पर होगा। 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली और पुडुचेरी) नो-डिटेंशन पॉलिसी पहले ही खत्म कर चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। सरकार ने पॉलिसी में बदलाव क्यों किया साल 2010-11 से 8वीं क्लास तक परीक्षा में फेल होने के प्रावधान पर रोक लगा दी गई थी।

## पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की हालत गंभीर



जनमार्ग न्यूज

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली को तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें शनिवार देर रात ठाणे के अस्पताल में भर्ती किया गया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 52 साल के कांबली की हालत गंभीर है। 52 साल के कांबली कुछ सालों से हार्ट संबंधी समस्याओं के अलावा डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। वे दवाएं ले रहे हैं। कांबली को साल 2013 में दिल का दौरा भी पड़ चुका है। उन्होंने रक यूट्यूब चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया था की सचिन तेंदुलकर ने उनकी हार्ट सर्जरी कराई थी।

# पुलिस पर फायरिंग कर भागे 3 बदमाश गिरफ्तार

● नाकाबंदी तोड़कर पुलिस वाहन को मारी टक्कर

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में फायरिंग कर भाग रहे 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने हथियारबंद ए श्रेणी की नाकाबंदी तोड़कर पुलिस वाहन को टक्कर मारी। बदमाशों ने पुलिस कर्मियों पर भी फायरिंग की। एसपी अरशद अली ने बताया कि पीलीबंगा थानाधिकारी अशोक बिश्नोई से सूचना मिली कि डस्टर कार में सवार बदमाशों ने रावतसर फाटक के पास फायरिंग की है। जो श्रीगंगानगर की ओर भागे हैं। एसपी ने सूचना के बाद गोलूवाला थाना पुलिस को ए श्रेणी की हथियारबंद नाकाबंदी करने के निर्देश दिए थे। एसपी अरशद अली ने बताया कि सूचना पर गोलूवाला थाना पुलिस के जवानों ने रात में नाकाबंदी की तो इस नाकाबंदी को तोड़ते हुए बदमाश आगे निकल गए। गोलूवाला पुलिस ने जब पीछा किया तो बदमाश गाड़ी को भगाकर ले गए। जिसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए पुलिस वाहन को टक्कर भी मारी। एसपी अरशद अली ने बताया कि पुलिस जवानों ने बहादुरी का परिचय देते हुए बदमाशों की गाड़ी का पीछा जारी रखा। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों की गाड़ी को रोककर घेरा देकर मौके से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया की सबसे अच्छी बात ये रही कि फायरिंग में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बदमाशों को हल्की चोट आई है। एसपी अरशद अली ने बताया कि पकड़े गए तीनों बदमाशों की पहचान राजेंद्र कुमार उर्फ राजू (32) पुत्र शिवप्रकाश बेनीवाल निवासी वार्ड 1 गोलूवाला सिहागान, विकास कुमार (25) पुत्र दलीप कुमार बिश्नोई निवासी वार्ड 21 मंडी पीलीबंगा और पवन कुमार (25) पुत्र सुभाष भाट निवासी पुलिस थाना पीलीबंगा के पीछे वार्ड 25 मंडी पीलीबंगा के रूप में हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 10 जनवरी से

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 10 से 12 जनवरी तक बीकानेर के कैमल रिसर्च सेंटर और रायसर गांव में आयोजित होगा। हर बार की तरह इस बार भी इस आयोजन में स्थानीय व बाहरी कलाकार परफॉर्म करेंगे। जिला कलेक्टर नमृता वृष्णि ने बताया- उत्सव में अधिक से अधिक देशी और विदेशी पर्यटक शिरकत करें, इसके मद्देनजर इसका प्रचार-प्रचार किया जाएगा। उत्सव के दौरान ऐसे नवाचार होंगे, जिससे राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान मिल सके। 10 जनवरी को भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसमें विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। जूनागढ़ परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान हैंडीक्राफ्ट सहित स्थानीय विशेषताओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# बांग्लादेश ने भारत से की हसीना को लौटाने की मांग

जनमार्ग न्यूज



**ढाका।** बांग्लादेश ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत को डिप्लोमेटिक नोट भेजा है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने इसकी पुष्टि की है। हमने भारत सरकार को एक राजनयिक चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश सरकार कानून का सामना करने के लिए शेख हसीना को वापस चाहती है। इससे पहले गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ले ली थी। वे तब से यही पर हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं। शेख हसीना की भारत से वापसी को लेकर सवाल पूछे जाने पर जहांगीर ने कहा कि भारत-बांग्लादेश के बीच अपराधियों की अदला-बदली को लेकर समझौता है। यह उसी समझौते के तहत किया जाएगा। बांग्लादेश में अगस्त 2024 में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार का गठन हुआ था।

# पेट्रोल पंप फायरिंग कर लूट का प्रयास

● बाइक छोड़कर भागे, चोरी की पिकअप गाड़ी मिली

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने कल रात को एक पेट्रोल पंप लूटने का प्रयास किया। फायरिंग करते हुए बदमाश पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल छोड़कर पैदल ही भाग गए। बाद में इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य गांव से चोरी की हुई पिकअप गाड़ी लावारिस हालत में मिली, जिसमें एक मोबाइल फोन मिला है।मोबाइल फोन बदमाशों अथवा चोरों का होने की संभावना है। पुलिस ने दावा किया है कि पेट्रोल पंप लूटने का प्रयास करने वालों की पहचान कर ली गई है। उनके धरपकड़ के लिए छापे मारे जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 9 बजे भादरा थाना क्षेत्र के गांव डुंगराना के समीप पेट्रोलियम कंपनी नायरा के पेट्रोल पंप सुशील एग्रो एंड फिलिंग स्टेशन पर मोटरसाइकिल पर तीन युवक आए। उस समय पेट्रोल पंप का कर्मचारी शेरा ऑफिस में टेबल के पीछे जमीन पर सो रहा था। पेट्रोल पंप का संचालक सुशील भी दूसरे कमरे में कहीं मौजूद था। ऑफिस में घुसा युवक मेज की दराज को टटोलना लगा तो शेरा की नींद खुल गई। उसने युवक से कहा कि रुपए तो मेरी जेब में हैं। उस समय शेरा के पास लगभग 30 हजार की नगदी थी। तभी बाहर खड़े दो युवकों में से एक युवक और ऑफिस में आ गया।

# साप्ताहिक बैठक में बजट घोषणा व विभागीय योजनाओं की समीक्षा

● पीडब्ल्यूडी, नगरपरिषद, यूआईटी, यातायात पुलिस को दिये अतिक्रमण हटाने के निर्देश

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान, बजट घोषणा क्रियान्वयन और राईजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान विजन श्रीगंगानगर 2047 पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इससे पहले श्रीगंगानगर के पूर्व जिला कलक्टर करणीसिंह राठौड़ के जयपुर दुखांतिका में निधन पर शोक व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राईजिंग राजस्थान के तहत जितने एमओयू किये गये हैं, उन सभी की क्रियान्विति के लिये संबंधित विभागीय अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर कोई समस्या है, तो उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्यवाही पूर्ण की जाये। नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत जिले में जारी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिये जागरूक किया जाये। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यालयों में नशा मुक्ति का संदेश देने वाली वॉल पेंटिंग करवाई जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी संकेतक लगाने और रेडियम रिफ्लेक्टर के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिला परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर वाहन चालकों और आमजन को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की पालना के लिये सावचेत किया जाये। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये प्रशासन, पुलिस, यातायात विभाग को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम में आवंटित लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिये पीडब्ल्यूडी, नगरपरिषद, यूआईटी और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि नगरपरिषद अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाये।

## पुराने टायरों से भरे ट्रक में लगी आग

जनमार्ग न्यूज

**चूरू।** जिले के तारानगर में राजगढ़ रोड पर पुराने टायरों से भरे ट्रक में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हादसे के समय ट्रक में कोई नहीं था। आग लगने का मुख्य कारण सामने आया है कि ट्रक बिजली के तारों के नीचे खड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर तारानगर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल व निजी टैंकरों की सहायता से करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। तारानगर थाने के हेड कॉन्स्टेबल हुक्माराम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे सूचना मिली कि राजगढ़ रोड पर पुराने टायरों से भरे ट्रक में आग लग रही है। मौके पर पहुंचकर देखा तो आग ने विकराल रूप धारण कर रखा था। आग की सूचना पर नगर पालिका दमकल मौके पर पहुंची।

## सम्पादकीय

### स्थिति देख लिया गया फैसला

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर इसीलिए अधिक संघर्ष देखा जाता है कि वहां से निकलने के बाद युवाओं को एक तरह से रोजगार की गारंटी होती है। वे निजी तौर पर भी अपना चिकित्सालय खोल कर अच्छी कमाई कर लेते हैं। भारत में चिकित्सकों की कमी को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित किया है। दरअसल, अदालत ने मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में खाली पड़ी सीटों को भरने का निर्देश देते हुए कहा कि देश में डाक्टरों की पहले ही इतनी कमी है, उसमें सीटें बर्बाद नहीं जानी चाहिए। इस महीने के अंत तक काउंसिलिंग करा कर उन सीटों को भरा जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा पर जब-तब सवाल उठते रहते हैं। लगभग सभी अस्पतालों में चिकित्सकों के बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं। इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों की दशा सबसे खराब है। सरकार ने खुद स्वीकार किया था कि मार्च 2022 तक ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्जन, चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और बाल रोग विशेषज्ञों की लगभग अस्सी फीसद कमी थी। यूनेस्को भी कई बार बता चुका है कि भारत में एक हजार लोगों पर एक से भी कम चिकित्सक हैं। ऐसी स्थिति में, अगर चिकित्सक तैयार ही नहीं होंगे, तो इस कमी को पूरा कैसे किया जा सकेगा। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी के अन्य कई कारण भी स्पष्ट हैं। पहले तर्क दिया जाता था कि हमारे यहां इसलिए जरूरत के मुताबिक योग्य चिकित्सक नहीं तैयार हो पा रहे कि मेडिकल कालेजों में सीटें बहुत कम हैं। इसके मद्देनजर कुछ नए कालेज खोले गए और सभी कालेजों में सीटें बढ़ा दी गईं। इस तरह पिछले दस वर्षों में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें बढ़ कर करीब दोगुनी हो गई हैं। इसके अलावा हर वर्ष हजारों विद्यार्थी विदेशी संस्थानों से पढ़ाई करके वापस लौटते हैं। फिर, निजी अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनमें चिकित्सकों की कमी नजर नहीं आती। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी की बड़ी वजह उनमें भर्तियों पर गंभीरता से ध्यान न दिया जाना है।

# विकास व महंगाई में संतुलन की चुनौती

इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5.48 प्रतिशत रही। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। रिजर्व बैंक ने रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के नव नियुक्त 26वें गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपना पदभार संभालने के बाद 20 दिसंबर को गुवाहाटी में आयोजित रिजर्व बैंक बोर्ड की की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस समय उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विकास और बढ़ी हुई महंगाई के बीच संतुलन बनाने की है। ऐसे में वे महंगाई नियंत्रण और विकास दर के बीच उपयुक्त संतुलन बनाने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5.48 प्रतिशत रही। इससे पहले अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। बीते दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसके पहले अप्रैल से जून की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस सुस्त विकास दर के परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना हाल ही में 6 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में विकास दर बढ़ाने के लिए ब्याज दर में कमी नहीं करते हुए महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दर यानी नीतिगत दर (रेपो) में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर कमर्शियल बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इस दर का उपयोग करता है। हालांकि अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कहा था कि निकट भविष्य में, कुछ नरमी के बावजूद, खाद्य कीमतों पर दबाव बने रहने से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुख्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि महंगाई के मद्देनजर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी बांड प्रतिफल में वृद्धि, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव और



बढ़ते भू राजनीतिक जोखिम जैसी कई तरह की बाधाएं हैं। साथ ही आयात शुल्क में वृद्धि और वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बाद घरेलू खाद्य तेल की कीमतों की बदलती दिशा पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। दास ने कहा था कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन के अनुमान से चावल और तुअर दाल की बढ़ी हुई कीमतों में राहत मिलेगी। सब्जियों की कीमतों में भी सुधार की उम्मीद है। आगे चलकर, खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए एक अच्छा रबी सीजन महत्वपूर्ण होगा। प्रारंभिक संकेत पर्याप्त मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर की ओर इशारा करते हैं, जो रबी की बुवाई के लिए अनुकूल है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में विकास दर बढ़ने की उम्मीद है। वस्तुतः पिछले दो महीनों में महंगाई दर के बढ़ने की स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली रही है। पिछले माह आरबीआई ने 2 से 11 नवंबर, 2024 को परिवारों की महंगाई को लेकर कैसी उम्मीदें हैं, इस विषय पर सर्वेक्षण कराया था। सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिलता है कि सितंबर 2024 के चरण की तुलना में नवंबर के सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में एक बड़े वर्ग को ऐसा लगता है कि नए साल 2025 में कीमतें और महंगाई दोनों ही बढ़ेंगी। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर खाद्य वस्तुओं और घर से जुड़े खर्चों के बढ़ते दबाव की वजह से होगी। इस बीच उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिला है कि सर्वेक्षण के प्रतिभागियों की मौजूदा कमाई की धारणा में भले ही कमी आई हो लेकिन उन्हें इस बात की बड़ी उम्मीद है कि भविष्य में आमदनी बढ़ेगी, रोजगार की स्थिति में भी सुधार आएगा। हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में कम अवधि की तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में महंगाई दर रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की ओर पहुंचेगी, क्योंकि ज्यादा बोआई और पर्याप्त अनाज भंडार के कारण कीमतों में कमी आएगी। चूंकि भू राजनीतिक तनावों और मौसम की स्थिति खराब होने पर महंगाई दर बढ़ने की जोखिम भी बनी हुई है, अतएव इसी कारण नीतिगत ढील को लेकर रिजर्व बैंक सावधानी बरत रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई के बीच भी अर्थव्यवस्था अच्छे दौर में है। रेटिंग एजेंसी ने वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसके बाद 2025 और 2026 में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

इसी तरह वैश्विक साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों की बढ़ती हुई कीमतों से महंगाई बढ़ी है, लेकिन जिस तरह भारत में आपूर्ति क्षमता काफी तेजी से बढ़ रही है, उससे महंगाई के दबाव को काबू करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई की मौद्रिक नीति से आरबीआई महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप नियंत्रित करने में सक्षम होगा। निस्संदेह खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बर्बादी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों के तहत खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा सरकार के साथ विभिन्न समन्वित रणनीतिक प्रयासों से देश में महंगाई को नियंत्रित करने और सुस्त विकास दर को बढ़ाने के परिप्रेक्ष्य में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# किसानों को संकट से उबारने की जरूरत

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान न केवल बदहाली का जीवन जीने को मजबूर हो बल्कि आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने तक को मजबूर हो जाए तो देश के विकास का सपना बेमानी लगने लगता है। इसका एक कारण सरकार को जितना किसानों की सुध लेना लेना चाहिए, वो नहीं ली और दूसरा गांवों में विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए, वो नहीं हुआ। गौर करने वाली बात ये है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता। ये विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। ऐसे में सवाल ये है कि आखिर किसानों को बार-बार दिल्ली क्यों कूच करना पड़ता है? गौरतलब है कि किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर तीसरी बार देश की राजधानी दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को मानना ही नहीं चाहती। देश की राजधानी में तीसरी बार हो रहे, इस किसान आंदोलन के औचित्य को लेकर पहले भी कई सवाल उठते रहे हैं, लेकिन हाल में देश के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री से जवाब तलब कर नई सनसनी फैला दी कि किसानों की मांगों को लेकर आखिर सरकार कर क्या रही है? गौरतलब है कि भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई, लेकिन उसका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। अक्सर ये बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है। लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे ज्यादा कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। ये एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा निश्चित ही गंभीर बात है। वहीं भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन् 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों को उसके फसल का वाजिब मूल नहीं मिल रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण में चाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति भयानक हो सकती है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लागातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है।

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।


## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

# टैटू बनवाने से ब्लड कैंसर का खतरा

## • इंक में होते हैं ये 10 खतरनाक केमिकल्स

आज के दौर में टैटू बनवाना एक ट्रेंड बन गया है। युवा कूल व स्टाइलिश दिखने के लिए शरीर पर टैटू बनवाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि टैटू कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इससे स्किन इन्फेक्शन और एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के 10 जिलों में 40 लोग टैटू बनवाने के बाद एचआईवी संक्रमित हो गए थे। इस पर हमने डिटेल में स्टोरी भी की थी। इतना ही नहीं, टैटू ब्लड कैंसर का कारण भी बन सकता है। टैटू और कैंसर के कनेक्शन को समझने के लिए हाल ही में एक स्टडी हुई। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी की इस स्टडी में रिसर्चर्स ने पाया कि टैटू बनवाने से लिम्फोमा यानी ब्लड कैंसर का खतरा 21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। स्टडी में 2007 से 2017 के बीच लिम्फोमा से पीडति 20 से 60 साल के कुछ लोगों का डेटा लिया गया। स्टडी में पाया गया कि लिम्फोमा से पीड़ित 21 प्रतिशत लोगों के शरीर पर टैटू था। यह स्टडी ईक्लिनिकल मेडिसिन जर्नल में पब्लिश हुई है। इस साल जुलाई में एक और स्टडी हुई। इस स्टडी में अमेरिका में इस्तेमाल किए जाने वाले टैटू और परमानेंट मेकअप इंक के 75 सैंपल्स की जांच की गई। जांच में रिसर्चर्स ने पाया कि 75 में से 26 सैंपल्स में इन्फेक्शन फैलाने वाले बैक्टीरिया थे। ये स्टडी एप्लाइड एंड एनवायर्नमेंटल माइक्रोबायोलॉजी में मैगजीन में पब्लिश हुई है। टैटू इंक में हो सकते हैं खतरनाक केमिकल्स टैटू में जिस इंक का इस्तेमाल होता है, उसमें बहुत सारे ऐसे केमिकल्स हो सकते हैं, जो कार्सिनोजेनिक हैं। कार्सिनोजेनिक का मतलब होता है, ऐसे तत्व जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। कुछ टैटू इंक में अजो नामक केमिकल हो सकता है। यह वह केमिकल है, जिसका इस्तेमाल कार पेंट्स में किया जाता है। कुछ साल पहले चूहों पर की गई एक स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि जो चूहे रेड इंक के संपर्क में आए, उनमें लिवर कैंसर डेवलप हुआ। इससे साफ है कि ये मनुष्यों के लिए भी बेहद खतरनाक है। वर्ष 2016 में ऑस्ट्रेलियन सरकार की एक रिपोर्ट में पाया गया कि टैटू में इस्तेमाल होने वाली काली रंग की स्याही में 83 प्रतिशत पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन एलिमेंट था, जो कि कार्सिनोजेनिक है। टैटू इंक में और कौन से खतरनाक केमिकल्स



हो सकते हैं, नीचे ग्राफिक से समझिए- टैटू हमारी हेल्थ के लिए किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। लेकिन लोग शौक के लिए इसे बनवाते हैं। कई बार टैटू आर्टिस्ट पुरानी इंक का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो इन्फेक्शन का कारण बन सकते हैं। अनप्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से इन्फेक्शन का खतरा अधिक होता है क्योंकि कई बार वह पैसा बचाने के चक्कर में पुरानी नीडल का इस्तेमाल करते हैं। इसी साल मई में पूर्वांचल के 40 लोगों को टैटू बनवाने के कारण एड्स इसीलिए हुआ क्योंकि टैटू आर्टिस्ट ने पुरानी इन्फेक्टेड नीडल का इस्तेमाल किया था। नीचे ग्राफिक से समझिए कि टैटू बनवाना हमारी सेहत के लिए कितना खतरनाक है। टैटू से होने वाले इन्फेक्शन के लक्षण टैटू से स्किन इन्फेक्शन और एलर्जिक रिएक्शन होना संभव है। अगर स्किन सेंसिटिव है तो एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। शरीर के जिस हिस्से पर टैटू बनवाया गया है, उसके आसपास कुछ लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसमें खुजली या सूजन होना शामिल है। टैटू से स्किन कैंसर का सीधा कनेक्शन नहीं दिल्ली के एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर डॉ. सुशांत मित्तल बताते हैं कि टैटू से स्किन कैंसर नहीं होता है। हालांकि, टैटू बनवाने के दौरान सावधानी न बरतना खतरनाक हो सकता है। स्किन के उन भागों पर टैटू बनवाने से बचें, जहां बहुत अधिक तिल या झाइयां हों। हमेशा ऐसी जगह से टैटू बनवाएं, जहां हाइजीन का ध्यान रखा जाता हो। किडनी और लिवर के लिए भी नुकसानदायक टैटू इंक टैटू इंक किडनी और लिवर के लिए भी खतरनाक है। साइंस जर्नल 'जर्नल ऑफ एनालिटिकल केमिस्ट्री' में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, टैटू इंक में मौजूद खतरनाक केमिकल्स स्किन, लंग्स और लिवर में इरिटेशन पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा ये नर्वस सिस्टम को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। टैटू से होता किस तरह का एलर्जिक रिएक्शन टैटू इंक में पाई जाने वाली डाई और कुछ अन्य केमिकल्स से एलर्जी होना संभव है। कुछ लोगों को टैटू बनवाने के बाद तेज धूप के संपर्क में आते ही एलर्जी हो सकती है। कई बार ये एलर्जी सालों बाद भी हो सकती है। टैटू से होने वाली एलर्जी के लक्षणों में खुजली, रेडनेस, सूजन और मवाद निकलना शामिल है। टैटू बनाने के बाद इन्फेक्शन हो तो क्या करें अगर टैटू बनवाने के बाद इन्फेक्शन या एलर्जिक रिएक्शन होता है तो नजरअंदाज न करें। तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और इन्फेक्शन को बढ़ने से रोकने के लिए उपचार कराएं। डॉक्टर एंटीबायोटिक दवाएं लिख सकते हैं ताकि इन्फेक्शन को बढ़ने से रोका जा सके। हमेशा ध्यान रखें कि इन्फेक्शन या एलर्जिक रिएक्शन दिखने पर खुद से किसी तरह का घरेलू उपचार न करें। इससे स्थिति बिगड़ सकती है। जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है, उन्हें टैटू नहीं बनवाना चाहिए। इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को भी इससे बचना चाहिए। इन लोगों को टैटू बनवाने से ज्यादा खतरा होता है।

CMYK

# जनमार्ग सिटी न्यूज

JANMARG news

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024

» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रायसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीविजयनगर



# सीएम आवास घेराव में अरविंदर गिल युवा साथियों के साथ हुए शामिल



जनमार्ग न्यूज

**दौलतपुरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब अंबेडकर पर अमर्यादित टिप्पणी, गुवाहाटी में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, युवा कांग्रेस अध्यक्ष की जबरन हिरासत, बढ़ती बेरोजगारी और महिलाओं-किसानों पर अत्याचार के खिलाफ 'नोकरी दो9 नशा नहीं' मुहिम के तहत राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने शहीद स्मारक जयपुर मे जोरदार प्रदर्शन किया जिसमे सादुलशहर विधानसभा से यूथ कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अरविंदर सिंह गिल युवा साथियों के साथ अग्रिम भूमिका में रहे,भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर युवाओ की आवाज दबाने की कोशिश की। पुलिस द्वारा किए लाठीचार्ज में सादुलशहर के युवाओ के चोटें आई व विधानसभा अध्यक्ष अरविंदर गिल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिल ने बताया कि यह लड़ाई अन्याय के खिलाफ है, यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा के लिए है, भाजपा सरकार के नाकाम एक साल के अंदर राज्य में क़ानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है,आये दिन चोरी, नशा तस्करी, मर्डर आदि घटनाये हो रही हैं जिससे आमजन असुरक्षित है, जब तक क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं हो जाती तब तक यूथ कांग्रेस सरकार को जगाने का काम पूरी ईमानदारी व जोश के साथ करती रहेगी। सादुलशहर विधानसभा से एडवोकेट अमन सहारण, मटीली रठान सरपंच संदीप सिंह, जगदीश सिंह, राकेश कुमार, हरमनदीप सिंह, रविन्द्र सिंह, नवदीप बराड, अर्शदीप सिंह आदि यूथ कांग्रेस के साथ मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में एनएसएस का साथ दिवसीय शिविर का उद्घाटन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** डीएवी कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया और जिला समन्वयक एनएसएस डॉ मधु वर्मा विशिष्ट अतिथि रही। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हमें एक संदेश देती है कि हमें अपने देश के लिए कुछ करना चाहिए और स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। जिला समन्वयक डॉ.मधु वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मैं नहीं आपके सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए और हमें देश के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। शिविर में आज विद्यार्थियों के द्वारा साफ सफाई की गई तथा विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और उन्हें सम्मानित किया गया ।शिविर में डॉ.राजेश्वर गोदारा, डॉ. जसप्रीत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी संजय शर्मा व आकाश कामरा भी उपस्थित रहे।



# आमने-सामने मोटरसाइकिल टकराने से दो की मौत, दो घायल



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** भोजेवाला सड़क पर आमने-सामने मोटरसाइकिल टकराने से दो की मौत दो घायल हो गए। सूरतगढ़ वार्ड नंबर 7 निवासी चिमनलाल उम्र 34 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश बावरी व कालूराम उम्र 35 वर्ष पुत्र कृष्ण लाल मोटरसाइकिल पर ठुकराना से सूरतगढ़ आ रहे थे, सामने से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार रोशन लाल उम्र 25 वर्ष पुत्र सलीम व नफीस अहमद उमर 30 वर्ष पुत्र बशीर खान सूरतगढ़ से किशनपुरा ढाणी अपने घर जा रहे थे। भोजेवाला सड़क पर सूरतगढ़ से 5 किलोमीटर पहले दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने टकराने से गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना को देखकर अपने खेत से कैम्पर गाड़ी में सूरतगढ़ आ रहे गिरधारी नाथ व शैली ने चारों घायलों को सूरतगढ़ ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। किशनपुरा ढाणी निवासी नसीफ अहमद उमर 30 वर्ष व सूरतगढ़ वार्ड नंबर 7 निवासी चिमनलाल बावरी उम्र 34 वर्ष की मौत हो गई। किशनपुरा निवासी रोशन लाल उम्र 25 वर्ष व सूरतगढ़ वार्ड नंबर 7 निवासी कालूराम उम्र 35 वर्ष का उपचार ट्रॉमा सेंटर में किया गया, कालूराम की गंभीर हालत को देखकर गंगानगर रेफर किया ।

## तीसरे दिन भी जारी रही क्रिकेट प्रतियोगिता

**गोलूवाला ( जनमार्ग न्यूज )।** 26 वी कुम्हार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के आज तिसरे दिन तीन मैच खेले गये। कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश गेदर ने बताया कि पहला मैच मुकेश मंगलाव इलेवन वर्सेज पुनरासर क्रिकेट क्लब भिनासर के बीच हुआ जिसमें मुकेश मंगलाव इलेवन ने विजय हासिल की ।इस मैच में मैन ऑफ द मैच आयुष मंगलाव रहे।दूसरा मैच घणी घणी खम्मा सीनियर वर्सेस यूनिटी क्लब धोलेरा के बीच खेला गया जिसमें यूनिटी क्लब धोलेरा ने विजय हासिल की और मैन ऑफ द मैच सुमित प्रजापत रहे।तीसरा मैच ब्रदर्स क्लब वर्सेज सन्वाल इलेवन भोलासर के बीच खेला गया जिसमें ब्रदर्स क्लब ने विजय हासिल की और मैन ऑफ द मैच रवि जाखडा रहे।



# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान की लीलाओं का किया वर्णन



## सनातनी को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** जी ब्लॉक स्थित शिव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथा व्यास आचार्य भारत भूषण ने भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना उद्धार सहित अनेक राक्षसों का उद्धार, ओखल बंधन, गोवर्धन धारण सहित भगवान की लीलाओं का वर्णन किया। आचार्य श्री ने गौ माता की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि गौ सेवा का अत्यंत महत्व है। प्रत्येक सनातनी को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए। स्वतंत्र भारत में गौ वध पर अंकुश लगना चाहिए। भगवान के भजनों पर श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी भागीरथ शास्त्री, श्रीमती अंजु अग्रवाल, श्रीमती निशा सोनी व पं. अभिषेक शर्मा ने बताया कि 23 दिसम्बर, सोमवार को कथा में भगवान श्रीकृष्ण का रूकमणी संग होगा, जिसको लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा में अग्र समिति परिवार अध्यक्ष किशन खारीवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। जी ब्लॉक स्थित शिव मंदिर पार्क अध्यक्ष चन्द्रभान मिड्ढा द्वारा आरती की गई तथा अग्र समिति परिवार द्वारा भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

# लायंस व लियो क्लब श्रीविजयनगर का संयुक्त पदस्थापना समारोह 'लक्ष्य' सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233-1) रीजन देवकीनन्दन की इकाई लायंस व लियो क्लब श्रीविजयनगर का संयुक्त पदस्थापना समारोह ÷लक्ष्य÷ स्थानीय एक धर्मशाला में उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, वशिष्ट अतिथि एडिशनल डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ नरेंद्र चांगिया, रीजन चेयरमैन एमजेएफ कमल कुक्कड़, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर एमजेएफ ओपी मंगल और जोन चेयरमैन राजा राम सोनी द्वारा ज्योति प्रज्वलित करके की गई। रुचिका चुघ तथा आयुषी मिड्ढा ने ध्वज वंदना व राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। निवर्तमान अध्यक्ष नवीन मिड्ढा ने स्वागत भाषण दिया। डिस्टिक को-ऑर्डिनेटर ओपी मंगल ने लियो की सदस्यता ग्रहण करवाई। शपथ ग्रहण अधिकारी प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने देवेंद्रपालसिंह कामरा व ध्रुव मिड्ढा अध्यक्ष, श्याम वितराणा व कोमल मिड्ढा सचिव, सुनील कामरा व गुणीत कामरा को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र बलाना, हरिचंद बलाना, हनीश मिड्ढा, तिलकराज मिड्ढा, हरीश बत्रा, सुनील मिड्ढा, सुरेंद्र बजाज, नवीन मिड्ढा, केवल बाघला, सोहन नागपाल, कमल कुक्कड़, दीपक मिड्ढा, किशन धींगडा, रमेश चुग, प्रीतम कामरा, गौतम कामरा,अश्विन चुग, रिषभ बलाना, अनिकेत मिड्ढा, पाहुर चुघ, राघव नागपाल, अंकुर कुब्बा, अनीश कुक्कड़, मुकुल तिन्ना, रोहित दुआ, आयुष बिलंदी व रमन छाबड़ा को विभिन्न पदों की शपथ दिलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र कामरा व ध्रुव मिड्ढा का राजस्थानी पगड़ी पहना कर व अन्य पदाधिकारियों को माल्यार्पण व बुक्के भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए लायन सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय पिन लगा कर सम्मानित किया। जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने लायंस क्लब श्रीविजय नगर को सेवाभावी, अनुभवी व जोशीले सदस्यों वाला क्लब बताया। नरेंद्र चांगिया ने लायंस क्लब श्रीविजय नगर द्वारा समाज हित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को उपहार भेंट किए। मंच संचालन जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा ने किया। रश्मि अरोड़ा व लवीश चुघ ने मधुर फिल्मी गीतों से रंग जमाया। रीजन मुरलीधर के रीजन चेयरमैन शिवशंकर ख?गावत, रीजन बांकेबिहार के चैयरमेन नरेंद्र भठेजा व रीजन मधुसूदन के चेयरमैन आशीष शर्मा, जोन चेयरमैन हरीश उपनेजा व पंकज गर्ग, पूर्व रीजन चेयरमैन सोहन मिड्ढा, श्याम गोस्वामी, दयाराम चराया, अमरचन्द कुक्कड़, मनोज बाघला, नौरंग गर्ग व सुशील जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# चावला ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिलाध्यक्ष बने

## प्रदेशाध्यक्ष रजनेश बहल ने समाज हित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के मद्देनजर नियुक्ति की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से विचार-विमर्श के पश्चात् राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल ने संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत करने के लिए सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला को उनकी संगठन के प्रति लगन, मेहनत, समर्पण एवं कर्मठता को देखते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी, जिला श्रीगंगानगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष रजनेश बहल ने बताया कि नवनियुक्त श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला बीएससी, एमए, एमएड तक शिक्षित होने के साथ-साथ राजकीय सेवा से अति. जिला शिक्षा अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके साथ-साथ श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी, श्रीगंगानगर के सचिव, महासचिव एवं अध्यक्ष का दायित्व भी बखूबी निभा चुके हैं। प्रतिवर्ष समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।



# अग्र सेवा समिति परिवार ने गौवंश व पक्षियों को 6454 किलो हरा चारा, गुड़ व दाना-चुग्गा खिलाया

## नववर्ष पर राम-नाम संकीर्तन किया जाएगा तथा जरूरतमंदों को जैकेट, स्वेटर व कम्बल वितरित किए जाएंगे : किशन खारीवाल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज की प्रेरणा से अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति परिवार द्वारा स्थाई गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौवंश व पक्षियों को दिसम्बर माह में लगातार तीसरे सप्ताह हरा चारा एवं दाना-चुग्गा की सवामणियां खिलाई गई। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि इसी कड़ी में सुखाडि?ा सर्किल स्थित श्रीगौशाला में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धाभाव से गौवंश को 2000 किलो हरा चारा खिलाया गया। तत्पश्चात् श्रीगौशाला प्रांगण स्थित पक्षी विहार में सतपाल बंसल की पावन स्मृति में परिजनों के सहयोग से पक्षियों को 50 किलो दाना-चुग्गा खिलाया गया। इस सेवा कार्य में समाजसेवी बाबू बंसल, नीरज मित्तल व पार्थ बाबू द्वारा 600-600 किलो का सहयोग प्रदान किया गया तथा अग्र समिति परिवार द्वारा 200 किलो हरे चारे की सेवा की गई। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर माह में अग्र समिति परिवार द्वारा गौवंश व पक्षियों को 6454 किलो हरा चारा, गुड़, फल एवं दाना-चुग्गा खिलाया गया, जिसमें 6200 किलो हरा चारा, 54 किलो गुड़, 50 किलो केले तथा 150 किलो दाना-चुग्गा खिलाकर सेवा कार्य किया गया। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि नववर्ष का आगाज भक्ति भाव एवं सेवा भाव से करते हुए 1 जनवरी, बुधवार को सर्वप्रथम प्रातः 7 बजे से 8.15 बजे तक उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर में क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व अमन-चैन के लिए पूजा-अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात् प्रातः 8.15 से 9 बजे तक राम-नाम संकीर्तन किया जाएगा। इसके बाद जरूरतमंद महिलाओं-पुरुषों को सर्दी के मौसम के मद्देनजर जैकेट, स्वेटर एवं कम्बल वितरित किए जाएंगे, ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। सेवा कार्यों की श्रृंखला में मासिक गौ सेवा प्रकल्प के तहत 5 जनवरी, रविवार को गोवंश को 2400 किलो हरा चारा तथा पक्षियों को 50 किलो दाना-चुग्गा खिलाया जाएगा। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने अग्र समिति परिवार की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौमाता को हरा चारा, गुड़ व केले, फल आदि खिलाने के साथ-साथ पक्षियों को दाना-चुग्गा खिलाया जाता है।



## दलित समाज की ओर से गृह का पुतला दहन कार्यक्रम कल

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** संसद के शीतकालीन स्त्र के दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह संसद में द्वारा बाबा साहब के प्रति देश विदेश में लोगो की बढ़ रही आस्था और रुची से खिन्न होकर संसद में दिए गए वक्तत्व के खिलाफ अनुसूचित जाति जन जाति आरक्षण मंच राजस्थान मेघवाल महासभा व दलित समाज व मजदूर संगठनों की ओर से कल दिनांक 23.12.24 को 12 बजे कचहरी गेट के सामने पुतला दहन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से मांग पर दिया जाएगा जिसमें देश के मौजूदा गृह मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की जावेगी उल्लेखनीय है कि संसद के शीत कालीन अधिवेशन में अपनी बात रखते हुए कहा है कि भारत में अब अम्बेडकर अम्बेडकर* अम्बेडकर एक ट्रेक हो गया है अगर इतना नाम भगवान का जपते तो सात जन्मों तक की मुक्ती हो जाती।

# एक शाम फिर से खाटू वाले के नाम भजन संध्या में उमड़ी हजारों श्याम प्रेमियों की भीड़

**श्रीगंगानगर।** प्रभु प्रेम ट्रस्ट द्वारा अंध विद्यालय परिसर में आयोजित की गई भजन संध्या %एक शाम फिर से खाटू वाले के नाम% को हजारों श्याम प्रेमियों की भीड़ ने ऐतिहासिक बना दिया। 9 बजे तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम रात 12 बजे तक चला। इस भजन संध्या से श्याम बाबा ऐसे प्रसन्न हुए की एकदम साफ मौसम होने के बावजूद अचानक बरसात हुई और बरसात के बावजूद भी भक्त कार्यक्रम में श्याम बाबा के भजनों का आनंद लेते रहे और भजनों पर झूमते रहे। भजन संध्या में प्रभु प्रेम ट्रस्ट द्वारा 101 विशेष कृपापात्र भक्तों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया और इन्हें एक हीरे की अंगूठी और 100 गिफ्ट हैंपर भी वितरित किए गए। हीरे की अंगूठी रवि कुमार पुत्र जगराज को दी गई। भजन संध्या में सिद्ध धाम श्री खाटू श्याम धाम मंदिर सुदामा नगर के श्याम प्रेमियों मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला, पं. हरीश शर्मा, भजन गायकों में विशाल सोढा, दीपांशु शर्मा, नरेन्द्र अग्रवाल, पवन वर्मा, के.के. शर्मा आदि के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की गई। विशेष रूप से हनुमानगढ़ से आई नेहा ने भी भजनों का ऐसा समां बांधा की भक्तजन नाचने पर मजबूर हो गए। भजन गायिका सिमरन अरोड़ा ने भी कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या के दौरान बाबा के दरबार में स्वामी ब्रह्मदेव जी की उत्तराधिकारी स्वामी निजानंद जी महाराज ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. प्रभुदयाल अरोड़ा, सदावर्ती कमल अरोड़ा, समाजसेवी भोजराज जैन, विमल बिहाणी, डॉ. मोहित अरोड़ा, आकाशदीप ठाकराण, दीनानाथ चलाना, विकास गर्ग, पवन अरोड़ा, राजीव मिड्ढा, संजय मित्तल, राजेश अग्रवाल, शैंकी उपनेजा, प्रवीण भठेजा, अनुज चानण, आशु कुलचानिया, पूर्व पार्षद दीपक मिड्ढा, रुपकुमार अग्रवाल, जतिन मेहता, बबलू शर्मा, संजय बत्तरा, देवेन्द्र खुराना, विकास धेरड़, रागीश अग्रवाल, हिंमाशु अग्रवाल, संजय गुप्ता, यश थरेजा हरद्वारी, मंजू अरोड़ा, विनीता बत्तरा, ज्योति वधवा अरोड़ा, सुगंधा शर्मा, निशा वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।



CMYK

# उप मुख्यमंत्री बैरवा का वाल्मीकि समाज व सफाई कर्मचारी यूनियन ने किया अभिनंदन

## सफाई कर्मचारियों की स्थगित भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करके पूर्ण करने की मांग

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** वाल्मीकि समाज तथा सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के श्रीगंगानगर पधारने पर भव्य अभिनंदन-सम्मान किया गया। विधायक जयदीप बिहाणी द्वारा एसडी बिहाणी कॉलेज में आयोजित राजस्थान सरकार के एक साल बेमिसाल कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति श्याम धारीवाल, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज राष्ट्रीय निर्देशक मदन सिरसवाल, सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल, करण वाल्मीकि, आर्यन भारती, देव धारीवाल, सीताराम सारसर, श्रवण सारसर, ऋषि वाल्मीकि, रोशन काण्डा, सतीश चण्डालिया, सिकंदर टाक, सिकंदर भाटिया, अभिषेक घारू सहित वाल्मीकि समाज तथा सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों, सदस्यों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को शॉल ओढ़ाकर तथा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सफाई कर्मचारी यूनियन जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल ने बताया कि इस मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को वाल्मीकि समाज तथा सफाई कर्मचारियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के अवगत करवाया गया तथा बार-बार स्थगित की जा रही सफाई कर्मचारी भर्ती को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा वर्षों से सफाई कार्य कर रहे वाल्मीकि समाज के अस्थाई सफाई कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग की गई, ताकि अस्थाई सफाई कर्मचारियों को स्थाई रोजगार मिल सके तथा वाल्मीकि समाज मुख्यधारा में शामिल हो सके। इस पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शीघ्र उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# राजकीय अस्पताल में मरीज को पिलाया गर्म दूध



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** युवा अग्र समिति के निरन्तर प्रत्येक रविवार 15 वर्ष से चल रहे राजकीय चिकित्सालय में दूध वितरण कार्यक्रम के दौरान गत रविवार को श्री श्याम हनुमान मंडल के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय में नव प्रसूता को जन्मी कन्याओं को कम्बलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, विजय सरावगी, संजय ब?ोपलिया, दीपक बंसल, दीपक बंसल चाचाण, अरुण बंसल, आशीष गुप्ता, आशु बंसल, विशाल गुप्ता, सोनू चमड़िया, अमित मित्तल, निशांत लीला, राजकुमार जैन बोरड़, करुणा चांडक, राजकुमार सिंगल, दिनेश सिंगल, राकेश गुप्ता, विष्णु, आदि उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ने रक्तदान शिविर लगाया





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रक्तदान शिविर में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया , रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले दानदाताओं के लिए रक्तदान के पश्चात मैंगो फ्रूटी , केले तथा गरम दूध की सेवा की व्यवस्था की गई थी साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया । बजरंगदल की जिला संयोजक अरविंद स्वामी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल विभिन्न अवसरों पर समाज हित के लिए सेवा कार्य करता रहता है , जिनमें निःशुल्क मेडिकल कैंप , रक्तदान शिविर , गरीब बच्चों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री वितरण , सर्दियों में बेसहारा लोगों को कंबल वितरण आदि बहुत से सेवा कार्य किया जाते हैं । राजकीय चित्सालय में मेडिकल स्टाफ ने आए हुए लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया ,उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए । रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे की आशंका भी कम होती है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है । नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। रक्तदान शिविर में बजरंगदल जिला संयोजक अरविंद स्वामी , जिला सहसंयोजक राहुल दीक्षित, नगर संयोजक नीतीश कारगवाल , केशवनगर प्रखंड संयोजक हितेंद्र शर्मा , रामनगर प्रखंड सहसंयोजक संदीप भांभू , रमन वर्मा , सिद्धार्थ करड़वाल , बजरंग ढूंढा?ा, अजय लिंबा, जयदीप गोयल , सन्नी जलंधरा तथा विश्व हिंदू परिषद से सुरेश स्वामी , संदीप गोयल , दयानंद शर्मा, संजीव सिंगल , रमाकांत शर्मा , भवानी शंकर , सीताराम जलंधरा , सुरेंद्र गोयल , अनिल धूड़िया आदि उपस्थित रहे ।

# श्री सिद्धेश्वर सुंदरकांड बालाजी धाम में गूंजे जयकारे

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री सुंदरकांड मित्र मंडल समिति हनुमानगढ़ टाउन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड महापाठ का आयोजन किया गया। प्रधान सुशील गर्ग ने बताया की मित्र मंडल की स्थापना 1 जनवरी 2000 को पूर्व प्रधान किशन बिहारी मालपानी के नेतृत्व में हुई और आज पांच व्यक्तियों द्वारा रोपित किया गया छोटा पौधा बड़े वटवृक्ष के रूप को धारण कर चुका है। मित्र मंडल बालाजी महाराज की कृपा से पूरे शहर व अन्य स्थानों पर रामचरितमानस का यह पंचम कांड निःशुल्क करता आ रहा है। सुंदरकांड प्रवक्ता संजय पारीक ने बताया कि प्राचीन सवा ग्यारह किलो चांदी दरबार हनुमानगढ़ की धारा पर पधारने के उपलक्ष में लगातार 13 वर्षों से यह अनुष्ठान किया जा रहा है।

# विवाह और कुंडली पुस्तक का विमोचन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आमजन के लिए सरल भाषा में उपलब्ध विवाह और कुंडली पुस्तक का विमोचन रविवार को सनातन धर्म बड़ा मंदिर परिसर में शहर के गणमान्य विद्वानों ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र कि यह पुस्तक विवाह और कुंडली मिलान के साथ-साथ अन्य नित्य नियम व शास्त्र संबंधी कार्यों के लिए उपयुक्त साबित होगी। इस पुस्तक के संपादक एवं संग्रहकर्ता पंडित बनवारी लाल शास्त्री हैं। पुस्तक के संपादक एवं संग्रहकर्ता पंडित बनवारी लाल शास्त्री ने बताया की वर्तमान में विवाह और कुंडली मिलान को लेकर आमजन में अलग-अलग धारणाएं हैं, जबकि इसका शास्त्रोक्त विधि से मिलान किया जाए तब ही यह उपयुक्त साबित होती है। वर्तमान में विवाह कुंडली मिलान के बावजूद तलाक व परिवार विघटन की स्थिति पैदा हो रही है, यह इसी गलत धारणा का परिणाम है। ऐसी स्थिति में आमजन को विवाह और कुंडली के बारे में सही जानकारी हो और सरल भाषा में जानकारी मिले इसलिए यह पुस्तक आमजन को सादर समर्पित है। संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण दत्त शास्त्री ने कहा कि इस तरह की पुस्तक लेखन से आमजन को अच्छी जानकारी मिलती है। इस पुस्तक के संपादक व संग्रहकर्ता ने कई शास्त्रों का अध्ययन करके उनमें से मूल बातों को इस पुस्तक में समावेश किया है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर योगेश्वर दत्त शास्त्री, जसवंत शास्त्री, कृष्ण लाल खंडेलवाल, लक्ष्मी नारायण जी बाग वाले, गोविंद कांत पारीक, कालूराम शास्त्री, सुभाष चंद्र शर्मा, महावीर प्रसाद पांडिया, ज्योतिष अचार्य जगदीश सोनी, मदन मुरारी लालगढ़ वाले, श्याम सुंदर, ओमप्रकाश जी पारीक, मदन मुरारी ने संबंधित किया एवं विचार व्यक्त किया।

# इस्कान सेंटर में तीन दिवसीय भगवत चर्चा का समापन

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** इस्कान सेंटर में तीन दिवसीय भागवत चर्चा का शनिवार को समापन हुआ। वृन्दावन के संत राधा श्यामानंद स्वामी महाराज ने विशेष प्रवचन के माध्यम से व्यवहारिक उदाहरण व उपमाओं के द्वारा जीवन में किस तरह से आनन्द व शांत रहते हुए मानव जीवन के अंतिम लक्ष्य भगवत धाम को गमन कर सकते हैं से अवगत करवाया। महाराज श्री ने श्रीमद्भगवत गीता के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए बताया कि यह ग्रंथ हमारी जीवन शैली को संतुलित रखता है, आने वाली पीढ़ियों को इसकी बहुत आवश्यकता है। इसलिए माता पिता को भक्तों के मार्गदर्शन में अध्ययन कर इसकी शिक्षाओं अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस कलयुग में युगधर्म नाम संकीर्तन, नाम जाप हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे है। इस्कान के प्रभु भगवानदास, परिचालन समिति के चेयरमैन बलराज मित्तल, वाईस चेयरमैन वेदप्रकाश लखोटिया, सचिव मूलचंद गेरा, मंदिर प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद डिढारीय,सदस्य डॉ राकेश गोयल, शिवशंकर गोयल, सुनील बंसल, अमीत गर्ग और अन्य भक्तों, मंदिर सेविकाओं ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा करके महाराज का स्वागत किया।

# हारे का तू है, सहारा सांवरे..., श्याम मंदिर में हुआ श्याम संकीर्तन

## श्रद्धालुंओं का उमड़ा सैलाब

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में रात्रि भव्य श्याम संकीर्तन हुआ । मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि मंदिर प्रांगण में श्याम श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । बाबा श्याम के प्रति आस्था का केंद्र खाटू श्याम मंदिर बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में हुए श्याम संकीर्तन में शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहक अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया। बाबा श्याम के बड़े सुंदर भावपूर्ण भजन, धमाल, अन्य भजनो के माध्यम से आए हुए श्रद्धालुंओ को निहाल किया। भजन प्रवाहक पवन चलाना पवन सेठी, लविशचुग , शुभम, महेश शर्मा व अन्य अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया । शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम को दूध जलेबी, व विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गये । मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि आगामी 26 दिसंबर वीरवार एकादशी को प्रातः 8:15 बजे जय श्री श्याम देवाय नमः महामंत्र से होगी । उसके उपरांत पूरे दिनभर शहर व अन्य स्थान से आई महिलाएं बाबा श्याम का भजन संकीर्तन करेंगी । रात्रि 7 बजे से प्रभु इच्छा तक शहर के प्रमुख भजन प्रवाहको द्वारा विशाल श्याम अखाड़ा का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को रंग बिरंगी लाइटो से सजाया जाएगा । विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए जाएंगे। एकादशी को प्रातः काल से ही श्याम ध्वजा यात्राओं का आना मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो जाएगा।

# मसाल जुलूस निकालकर नशे के खिलाफ बिगुल बजाया



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** प्रदेश भर में नशे के खिलाफ अभियान के प्रदेश संयोजक झोटवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो छात्रों ने मसाल जुलूस निकालकर नशे के खिलाफ बिगुल बजाया। टैगोर पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश संयोजक अभिषेक चौधरी, विधायक डूंगर राम गेदर, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, वरिष्ठ नेता बलराम वर्मा, युवा नेता अमित कड़वासरा, युवा नेता पवन नंदिवाल, सरपंच गिरधारी स्वामी, कांग्रेस जिला महासचिव जे पी गिला, सचिन जेतली, एडवोकेट सहदेव जोशी, कोच गुरु प्रेम सिंह मान, हेमंत रासराणिया, निलेश चौधरी, पार्षद भारत भूषण उपाध्याय, विनोद चौधरी सहित भक्तों ने नशे के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करने का ऐलान करते हुए विचार रखें। सैकड़ो छात्रों के मसाल जुलूस को सफल बनाने के लिए टैगोर पीजी कॉलेज के निदेशक डॉक्टर सचिन जेतली, अभिमन्यु बिश्नोई अंकित बिश्नोई मुकेश कड़वासरा देवी सिंह राठौड़, कौशल सिंघर, अंग्रेज सिंह ढिल्लों, कालूराम की टीम ने सराहनीय प्रयास किया। सैकड़ो छात्रों का जुलूस टैगोर पीजी कॉलेज से शुरू हुआ, भग्गुवाला कुआं, भगत सिंह चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके समापन किया गया।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

## खेलकूद में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करनें वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया




**सूरतगढ़।** एड्यूब्रेन वर्ल्ड स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारम्भ स्कूल के निदेशक शिवप्रकाश तेहरपुरिया एवं प्रिंसिपल श्रीमति पूनम पिपिल ने ध्वजारोहण करके और मशाल जलाकर किया। हर वर्ष की भांति नर्सरी क्लास से 5 वीं क्लास तक के विद्यार्थीयों का वार्षिक खेलकूद दिवस आयोजन में सिंपल रेस, स्पून एंड लेमन रेस, ईटिंग बनाना रेस, थ्री लेग रेस, ब्लो बिट्स ऑफ पेपर, बलून रेस, बस रेस, रस्सा कस्सी रेस, फुट रेस, जंपिंग रेस, कैंडी रेस, जलेबी रेस, की खेलकूद प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। स्कूल के खेल-मैदान के विभिन्न खेलों के लिए सभी प्रतिभागी उत्तेजित एवं ऊर्जा से भरे हुऐ खेलकूद की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी विद्यार्थीयों एंव शिक्षको ने खेलकूद की प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। सभी खिलाड़ियों नें वार्षिक खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल के टीचर्स ने भी खेलकूद की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। एड्यूब्रेन के निदेशक शिवप्रकाश तेहरपुरिया ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही मानव जीवन की सफलता है मनुष्य जीवन का स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है। स्वस्थ रहने के लिए मानव जीवन का सक्रिय होना बहुत जरुरी है। यही स्वस्थ जीवन खेल-कूद के माध्यम से शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। इसीलिए सभी लोगों के जीवन में चाहे वो विद्यार्थी हो या अन्य लोग खेल-कूद का होना अधिक महत्वपूर्ण है।

एड्यूब्रेन की प्रिंसिपल श्रीमती पूनम पीपल ने कहा कि खेलकूद स्कूल के पाठ्यक्रम के अनिवार्य अंग होते हैं। वे छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान करते हैं। विद्यालयों में बहुत-से खेल खेले जाते हैं। इस वार्षिक खेलकूद के आयोजन से विद्यार्थीयों को जो खेल पसंद है, उसे सीखने का अवसर मिलता है। विद्यार्थीयों की मदद के लिए खेल- प्रशिक्षक होते हैं। एड्यूब्रेन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएँ हर वर्ष आयोजित की जाती हैं

एड्यूब्रेन स्कूल के निदेशक शिवप्रकाश तेहरपुरिया एवं प्रिंसिपल श्रीमती पूनम पीपल ने कार्यक्रम समापन समारोह पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करनें वाले खिला?ियों को मेडल देकर सम्मानित किया और सभी विजेताओं को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित होता देख उनके माता-पिता नें बहुत खुशी जाहिर की। स्कूल के टीचर्स को भी खेलकूद की प्रतियोगिताओं भाग लेने मेडल देकर सम्मानित किया गया और अतः में विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, प्रतिभागीयों, अभिभावकों एवं टीचर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अभा किसान कांग्रेस के पदाधिकारी बीकानेर सम्भाग के दौरे पर कल से



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सत्यवीर यादव, सह-प्रभारी राहुलइन्द्र सिधू (भट्टल) व कार्यकारी अध्यक्ष शिव भगवान नागा 24 से 26 दिसम्बर तक बीकानेर संभाग के दौरे पर रहेंगें। इस दौरान वे 25 दिसम्बर बुधवार को दोपहर 2:30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व किसानों की समस्याओं पर चर्चा व प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेंगे। अर्जुन राजपाल ने बताया कि किसान कांग्रेस के नेताओं के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व किसानों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत सम्पर्क प्रारंभ कर दिया गया है।

# किसानों को जैविक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

**श्रीगंगानगर।** भारतीय किसान संघ, जिला श्रीगंगानगर की जिला प्रतिनिधि सभा कृषि विश्राम गृह गोल बाजार में जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश पर्यावरण प्रमुख रामकुमार खिलेरी, जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री हेमराज, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हरबंश बिश्नोई, संभाग सह मंत्री भूपराम ताखर का मार्गदर्शन रहा। जिला प्रतिनिधि सभा को सम्बोधित करते हुए रामकुमार खिलेरी ने भारतीय किसान संघ की रीति-नीति, रचनात्मक, संगठनात्मक व आंदोलनात्मक कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रांत संगठन मंत्री हेमराज ने समस्त कार्यकर्ताओं से ग्राम समितियों को सशक्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी जिला प्रतिनिधि, तहसील प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में सभी पंचायतों में प्रभारी लगाकर महीने के प्रथम सप्ताह में मीटिंग करेंगे तथा अधिकाधिक संख्या में किसानों से संवाद कर किसानों की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे। तत्पश्चात् द्वितीय सप्ताह में तहसील की बैठक में उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण करवाया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने के लिए विशेष प्रयास करने पर दिया, ताकि जिले का



किसान लाभान्वित हो सके। उन्होंने किसानों को जैविक खेती के फायदे बताते हुए जिले के किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिले में नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने के लिए समाज को जागृत करने की आवश्यकता जताई तथा कहा कि युवा वर्ग को खेलों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आदि सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि युवा शक्ति का सदुपयोग हो सके। उन्होंने गांव को आदर्श गांव बनाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की तथा महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत करवाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष रामसिंह ने संगठन में अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया तथा नहरों में पूरा सिंचाई पानी चलाने आदि मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ने गंगनहर को शेयर के अनुसार सिंचाई पानी देने, रेगुलेशन वितरण समिति को भंग कर अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, बीमा क्लेम जारी करने आदि समस्याओं के शीघ्र निराकरण की जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार से मांग की। इस अवसर पर बैठक में विनोद बिश्नोई, दिनेश पूनिया, सुशील बिश्नोई, जगरूप सिंह, सुभाष दोन, दलीप सिहाग सहित भारतीय किसान संघ श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# जीएसआई-एमईसीएल की जीआर-जीएम के 32 मिनरल ब्लॉकों की नीलामी भी मार्च तक: टी. रविकान्त

**❑ 18 ब्लॉकों की सफल नीलामी, 13 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया शुरु ❑ लो टनेज, लो ग्रेड ब्लॉकों के फर्दर एक्सप्लोरेशन की संभावना तलाशी जाएगी ❑ लाड़ी का बास व डुकवारा में फर्दर एक्सप्लोरेशन के अनुमति के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय से होगी चर्चा**

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि जीएसआई व एमईसीएल द्वारा राज्य सरकार को प्रस्तुत जियोलोजिकल रिपोर्ट्स और जियोलोलिकल मेमोरेण्डम के 63 मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रक्रिया शुरु करते हुए 18 ब्लॉकों की सफल नीलामी की जा चुकी है। 13 ब्लॉकों की एनआईटी जारी कर नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। शेष 32 ब्लाकों की भी नीलामी प्रक्रिया इसी वित्तीय वर्ष में शुरु किये जाने की तैयारी है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की 8 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि सर्वे ऑफ इण्डिया व एमईसीएल द्वारा राज्य सरकार को अब तक 131 जियोलोजिकल रिपोर्ट्स और जियोलोजिकल मेमोरेण्डम प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार राज्य के 25 क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लाकों की नीलामी केन्द्र सरकार के माइंस विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने बेसमेटल व कॉपर के लो टनेज और लो ग्रेड मिनरल ब्लॉकों में आरएसएमईटी द्वारा फर्दर एक्सप्लोरेशन की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।



टी. रविकान्त ने बांसवाड़ा और सीकर के लाडी का बास में जीएसआई को एक्सप्लोरेशन में वन विभाग की आवश्यक स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग स्तर पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अरावली क्षेत्र के ब्लॉकों व लो टनेज और लो ग्रेड वाले ब्लॉकों की नीलामी के कार्य में तेजी लाने को कहा।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने प्रदेश में राज्य सरकार के माइंस व जियोलोजी विभाग, आरएसएमईटी और केन्द्र सरकार के जीएसआई, एमईसीएल, आईएमडी आदि संस्थाओं के परस्पर समन्वय व सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि परस्पर समन्वय से बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं और मेजर मिनरल्स की खोज, ब्लॉक तैयार करने और नीलामी में देश में अग्रणी प्रदेश बनना संभव हो पाया है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि भूकिया गोल्ड ब्लॉक की एमएल और डेगुचा गोल्ड ब्लॉक सीएल सहित लाइमस्टोन, बेस मेटल आदि के 18 ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 13 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया जारी है।

केन्द्रीय खान मंत्रालय के निदेशक तकनीकी वाईएस भांभू ने कहा कि माइनिंग सेक्टर में राजस्थान में बेहतर कार्य हो रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार द्वारा चाहा गया अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के उपमहाप्रबंधक अनिंध्य भट्टाचार्य ने लाडी का बास सीकर में जी 3 स्तर और बांसवाड़ा के डुकवारा साउथ में जी 3 स्तर के एक्सप्लोरेशन को आगे बढ़ाने में वन विभाग से अनुमति अपेक्षित है। जीएसआई के निदेशक और जेड्ब्लूजी के सदस्य सचिव हरीश मिस्त्री ने विस्तार से राज्य की एक्सप्लोरेशन गतिविधियों व जीआर-जीएम की जानकारी दी। एमईसीएल के आशीष सिंह और आईबीएम के दिलीप जैन ने भी एक्सप्लोरेशन गतिविधियों की जानकारी दी।

ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक में एडीजी एसएन डोडिया, आलोक प्रकाश जैन, एसजी नितिन चौधरी, सुनील कुमार वर्मा, राजकुमार मीणा, सुशील हुडा, विभाग, जीएसआई, एमईसीएल, आईबीएम सहित संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# सीटू की बैठक में मजदूरी दरें बढ़ाने का निर्णय

**तीन दिवसीय हड़ताल को स्थगित करते हुए 27 जनवरी को महापंचायत आयोजित करने की घोषणा**



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भवन निर्माण मिस्त्री मजदूर यूनियन (सीटू), जिला कमेटी श्रीगंगानगर की बैठक रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पंचायती धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीटू जिला महासचिव का. हरकेवलदीप सिंह ने की। बैठक में श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लखविन्द्र सिंह तथा तहसील अध्यक्ष अनवर खान ने दिन-प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई के मद्देनजर मजदूरी दरें बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में श्रमिक नेता बद्रीराम राम, अमीर खान, बलवीर कुमार, तहसील सूरतगढ़ अध्यक्ष गगनदीप सिंह, प्रेम सिंह, ओमप्रकाश नायक, कृष्ण, बिट्टू सिंह, अंग्रेज सिंह, सुरेंद्र माहर, पंकज, रज्जाक मोहम्मद, सर्वजीत सिंह, रमेश कुमार, हजारी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विचार-विमर्श के पश्चात् आसमान छूती महंगाई को देखते हुए मजदूरी दरें बढ़ाने का निर्णय लिया गया तथा 1 जनवरी, 2025 से नई मजदूरी दरें लागू करने का तय किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष का. लखविन्द्र सिंह ने नई दरों को पूरे जिले में प्रभावी तरीके से लागू कराने के लिए श्रीगंगानगर के सभी ठेकेदारों, मिस्त्रियों एवं मजदूरों की महापंचायत 27 जनवरी, सोमवार को रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पंचायत धर्मशाला में आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने तीन दिवसीय हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा करते हुए कहा कि 27 जनवरी को होने वाली बैठक में एक्शन कमेटी भी बनाई जाएगी, जिनके द्वारा नई मजदूरी दरों पर भवन निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि मजदूरों को उनका जायज दिलाया जा सके। एक्शन कमेटी द्वारा कम रेट लेने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के साथ-साथ आर्थिक दण्ड का प्रावधान भी किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भवन निर्माण मिस्त्री मजदूर यूनियन (सीटू), जिला कमेटी श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य भवन निर्माण मिस्त्री-मजदूर श्रमिक उपस्थित थे।

# मोहाली दर्दनाक हादसे पर डेरा सच्चा सौदा ने जताया दुख



**❑ मरने वालों के प्रति व्यक्त की संवेदना ❑ रात भर से प्रशासन के साथ मिलकर राहत बचाओ कार्य में जुटे डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सैकड़ों सेवादार**

जनमार्ग न्यूज

**सिरसा।** पंजाब के मोहाली में शनिवार शाम को मल्टी स्टोरी बिल्डिंग गिरने से हुए दर्दनाक हादसे पर डेरा सच्चा सौदा ने गहरा दुख प्रकट किया है तथा इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि मृतकों के परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इसके साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उधर हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद डेरा सच्चा सौदा के सैकड़ों शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्य मदद के लिए मौके पर पहुंच गए और प्रशासन के साथ मिलकर राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। रात भर से डेरा सच्चा सौदा के सेवादार एनडीआरएफ के जवानों के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। सेवादार बिल्डिंग के लेंटरों को काटकर उनका मलबा हटा रहे हैं और चैन बनाकर सेवादार मलबे को दूसरी जगह डाल रहे हैं, ताकि मलबे में दबे लोगों को निकालने में किसी प्रकार की परेशानी न आये। इसके अलावा सेवादारों की ओर से वहां पर लंगर भोजन, पानी सहित अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके अलावा घायलों की सहायता के लिए डेरा सच्चा सौदा की ओर से हर ब्लड ग्रुप का डोनर वहां पर उपलब्ध करवाया जा रहा है,ताकि घायलों की जान बचाई जा सके।

# माकपा ने बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर प्रदर्शन किया

**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर प्रदर्शन करके पुतला जलाया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के तहसील सचिव कामरेड एडवोकेट सखी मोहम्मद के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पद से हटाने और देश से माफी मांगने की मांग करते हुए प्रदर्शन करके पुतला जलाया गया। तहसील सचिव एडवोकेट सखी मोहम्मद ने कहा मनुवादी सोच वाली भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश के लिए घातक है, देश के संविधान निर्माता दलितों के मसीहा डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का संसद में अपमान करने वाले भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अहंकार में देश में अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। संसद में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता माफ नहीं करेगी इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। मामले में राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करना चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर देश से माफी नहीं मांगी तो देश भर में आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता कामरेड लक्ष्मण शर्मा, कामरेड मुमताज खान, युवा नेता योगेश मेघवाल, हुसैन मोहम्मद तेली, विक्रम सिंह, शहीदुद्दीन गौरी, सुनील जाटव, राजविंदर सिंह, उमर भाटी, महेश सिंह, मनोज गुप्ता, धर्मेंद्र जाटव, न्यायिक बार संघ के गुरप्रीत सिंह भमराह, एडवोकेट राम सिंह शेखो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# केसर मलाई युक्त दूध व पनीर पुलाव के प्रसाद का वितरण

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री गुरु अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा रविवार को सत्संग भवन में 621 वा लंगर लगाया गया। लंगर में केसर मलाई युक्त दूध व पनीर पुलाव के प्रसाद का वितरण किया गया। समिति द्वारा सेवाएं श्री गुरु अर्जुन दास, हुकुम देवी, संगठन मंत्री सतपाल कोर, अनुज मल्होत्रा, पंडित नरेश शर्मा, आशा रानी, सुभाष छाबड़ा, राजेश अंगी, एम डी सतीश, राजरानी, दिया, खुशी, निशा, सविता राव प्रिंस नवनीत मलोट, साहिल, देवेंद्र, संजू, जगतार सिंह, सिद्धू, पूनम, कमल जीत भुल्लर कमलसिंह विडंग, सुखा सिंह, महेंद्र भटेजा व अन्य सदस्यों द्वारा दी गई। सभी ने तन मन से सेवा दी।



श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा शहीदी दिवस के बारे में बताया गया कि श्रद्धावान सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार, 20 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक, शहीदी सप्ताह मनाते हैं। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। धर्म व आम जन की रक्षा के लिए दी गई इस शहादत जैसा दूसरा ही कोई उदाहरण सुनने या पढ़ने को मिलता हो। इन दिनों गुरुद्वारों से लेकर घरों तक में कीर्तन-पाठ बड़े स्तर पर किया जाता है। बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में बताया जाता है। साथ ही कई श्रद्धावान सिख इस पूरे हफ्ते जमीन पर सोते हैं और माता गुजरी व साहिबजादों की शहादत को नमन करते हैं। दरअसल, इसी कड़कड़ाती ठंड के बीच माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को सरहंद के ठंड बुर्ज में खुले आसमान के नीचे कैद किया गया था। अंत में दोनों साहब जादो को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। यह खबर जैसे ही माता दादी गुजरी को पता चली तो उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए। इस तरह से गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार सरवत बलिदान को हमें हमेशा याद रखना चाहिए।

# पीएलवी पारीक व तालुका सचिव भाटी ने रैन बसेरे का जायजा लिया गया




जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के तत्वावधान अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार द्वारा स्थानीय नगर पालिका का द्वारा चलाए जा रहे रेलवे स्टेशन के पास तालुक पीएलवी राजेश कुमार पारीक व तालुका सचिव विनोद भाटी ने रैन बसेरे का जायजा लिया गया। इस दौरान पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने रेन बसेरे में मूलभूत सुविधाओं को देखा और सुनिश्चित किया कि आश्रितों को गर्म बिस्तर, पानी, प्राथमिक चिकित्सा किट व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने रैन बसेरा में सुचारू विद्युत व्यवस्था व अन्य सामाजिक स्थान पर रैन बसेरे का प्रचार करने निर्देश दिए। साथ ही 2 वर्ष या छोटे शिशु के लिए विशेष भोजन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

# नानी बाई का मायरा कथा का भव्य शुभारंभ

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** वार्ड नं. 6 में श्री बालाजी श्री किशन पित्तरजी धाम पर मुखिया प्रेमाबाई के सानिध्य में नानी बाई का मायरा कथा का भव्य शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। कथा का वाचन मारवाड़ी में सूरतगढ़ की राधिका दीदी कर रही है। पित्तरजी धाम की मुखिया प्रेमाबाई व मुख्य पुजारी लेखराम सैन, प्रबंधक ममता चौहान ने विधिवत पूजन करवाया। पं. गोपाल शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन करवाया। कथा का शुभारंभ करते हुए राधिका दीदी ने नरसी जी भगत की ठाकुरजी के प्रति अटूट प्रेम व आस्था का बखान करते हुए बताया कि उन्होंने एक सप्ताह तक रात-दिन भोलेनाथ जी की तपस्या की। शिवजी के माता पार्वती जी के साथ प्रकट होकर कुछ मांगने के लिए कहा तो नरसी भगत ने कृष्णजी के दर्शन करवाने का आग्रह किया। कथा वाचिका ने कहा कि नानी बाई रो मायरो अटूट श्रद्धा पर आधारित प्रेरणादायी कथा है।



जहां कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण का गुणगान किया जाता है। भगवान को यदि सच्चे मन से याद किया जाए तो वे अपने भक्तों की रक्षा करने स्वयं आते हैं। राधिका दीदी ने कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि नानी बाई रो मायरो की शुरूआत नरसी भगत के जीवन से हुई। नरसी जन्म से ही गूंगे- बहरे थे। वो अपनी दादी के पास रहते थे। उनका एक भाई-भाभी भी थे। भाभी का स्वभाव कड़क था। एक संत की कृपा से नरसी की आवाज आ गई तथा उनका बहरापन भी ठीक हो गया। नरसी के माता-पिता गांव की एक महामारी का शिकार हो गए। नरसी का विवाह हुआ, लेकिन छोटी उम्र में भगवान को प्यारी हो गई। नरसी जी का दूसरा विवाह करवाया गया। समय बीतने पर नरसी की लड़की नानीबाई का विवाह हुआ। इधर नरसी की भाभी ने उन्हें निकाल दिया। नरसी श्रीकृष्ण के अटूट भक्त थे। वे उन्ह भक्ति में लग गए। उधर नानीबाई ने पुत्री को जन्म दिया और पुत्री विवाह लायक हो गई, लेकिन नरसी को कोई खबर नहीं थी। लड़की के विवाह पर ननिहाल की तरफ से भात भरने की रस्म के लिए नरसी जी को लंबी चौड़ी सामान की पत्रिका भेज दी गई। कुछ नहीं होते हुए भी नरसी जी बैलगाड़ी में सवार होकर अंजार नगर रवाना हो जाते हैं। इस दौरान शिव-पार्वती, सूरदास जी आदि की झांकियां सजाई गई। भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. विशाल छाबड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा 24 दिसंबर तक दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगी। के दौरान विभिन्न झांकियां भी सजाई जाएगी।

# नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** पारीक हितकारिणी महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट जोधपुर, मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम एवं सेंटर फॉर साइट-आई हॉस्पिटल जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर के सरदारपुरा स्थित मोटर मर्चेंट एसोसिएशन हॉल में विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जाँच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। सर्व समाज के लोगों ने अपनी शारीरिक समस्याओं व स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतों के परामर्श एवं जाँच को लेकर उपस्थिति दर्ज करवाई। शिविर संयोजक लवजीत पारीक ने बताया कि सर्व समाज एवं मानव हितार्थ आयोजित किये गए इस शिविर में लगभग 150 जनों ने अपनी विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों को लेकर मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं अन्य स्थानीय चिकित्सकों से परामर्श लिया एवं आवश्यक निःशुल्क जांचे करवाई, साथ ही रक्तदान कर अपने कर्तव्य का निष्काम भाव से निर्वहन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार व्यास एवं सचिव दिलीप पारीक ने बताया कि शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के चेयरमैन डॉ संजय मित्तल, हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. तनेजा, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु पूनिया के अतिरिक्त स्थानीय जोधपुर शहर से भी अन्य चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से सर्व समाज को मिला । दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि पुरोहित एवं डॉ कुलिश पारीक, सेंटर फॉर साइट-आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा नेत्र जाँच निःशुल्क की गई। साथ ही रक्तदान हेतु तकनीकी टीम महात्मा गाँधी हॉस्पिटल जोधपुर द्वारा भेजकर अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर सह संयोजक धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि शिविर में ई सी जी, एक्सरे, बी एम आई, बी एम डी, पी एफ टी, फिजियोथेरेपी एवं चेस्ट एक्सरे की निःशुल्क सुविधाएँ भी मरीजों को प्रदान की गई। इस अवसर पर जुगल तिवाड़ी, चंद्रशेखर व्यास, दिनेश व्यास, उमेशचंद्र पारीक, श्रीनिवास पारीक, जनार्दन पारीक, ऋतुराज पारीक, अधिवक्ता धीरेश व्यास, रतनलाल जोशी, नरेंद्र तिवाड़ी, पुष्पेंद्र पारीक, यश पारीक, धर्मेश पारीक, सूरज पारीक, दिलीप व्यास, अंशुल पारीक, जितेन्द्र पारीक, राजेश पारीक, शरद पारीक, प्रदीप व्यास सहित अन्य समाजजनों की रही उपस्थिति। कार्यक्रम के अंत में निःशुल्क सेवाएं देने वाले चिकित्सकों का ट्रस्ट की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। रजिस्ट्रेशन टीम में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान = ललित पारीक, दीपक पारीक, महेंद्र जोशी, मोहित पारीक, आदित्य पारीक, मयंक पारीक । महिला प्रकोष्ठ में इनकी रही उपस्थिति = अध्यक्ष हेमलता तिवाड़ी, मंजू व्यास, उषा पारीक, समता पारीक, नीना व्यास, पार्वती पारीक, दुर्गा पारीक, इशू पारीक, श्रद्धा पारीक, अंकिता पारीक, वर्षा पारीक, कविता तिवाड़ी सहित अन्य महिला सदस्य रही उपस्थित।



# हनुमानगढ़ में पहली बार होगी राज्य स्तरीय सीनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हॉकी हनुमानगढ़ द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में रविवार को जानकारी दी गई कि 4 से 7 जून तक हनुमानगढ़ के राजीव गांधी जिला स्टेडियम में राज्य स्तरीय 15वीं सीनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर हैं। हॉकी हनुमानगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह मान ने बताया कि जिले की महिला हॉकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले दिसंबर माह के अंत में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। चैम्पियनशिप को सफल बनाने के लिए हॉकी हनुमानगढ़ की पूरी टीम सक्रिय है। संगठन के चेयरमैन सुमित रणवां ने कहा कि राजस्थान के विभिन्न जिलों से आने वाली महिला खिलाड़ियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और ठंड से बचाव के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच होगी, बल्कि खेल के प्रति जागरूकता और जिले के खेल स्तर को बढ़ाने में भी सहायक होगी। हॉकी हनुमानगढ़ के सचिव हरवीर सिंह सरां ने बताया कि हनुमानगढ़ में पहली बार सीनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन हो रहा है। इससे पहले जिले में जूनियर स्तर की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का आयोजन एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जो हनुमानगढ़ के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। राज्य स्तरीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और राज्य स्तर पर उनकी पहचान बनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। प्रेस वार्ता में हॉकी हनुमानगढ़ के अन्य सदस्य भी मौजूद थे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया। प्रतियोगिता के दौरान जिले के खेल प्रेमियों को उच्च स्तर की हॉकी का आनंद उठाने का अवसर मिलेगा।

# सड़क सुरक्षा अभियान- 150 से अधिक वाहन चालकों को बांटे निशुल्क हेलमेट



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** यातायात पुलिस थाना हनुमानगढ़ और सीके बिरला अस्पताल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जनेश तंवर थे, जिनके साथ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव सिंह और डॉ. आशीष अग्रवाल, यातायात थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार, संयोजक भूपेंद्र सिंह, आशीष शर्मा ने विशेष उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और हेलमेट पहनने के महत्व पर प्रकाश डालना था। मुख्य अतिथि जनेश तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि हेलमेट एक जीवन रक्षक उपकरण है, जिसे प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक को अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि लोगों की जान बचाने में भी मदद मिलेगी। तंवर ने हेलमेट पहनने की आदत को सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया और लोगों से आग्रह किया कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों से बचने में हेलमेट का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि सिर की चोटें सबसे घातक होती हैं, लेकिन हेलमेट का इस्तेमाल इन्हें रोकने में सहायक हो सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को हेलमेट पहनने के सही तरीके और इसके फायदे बताए। डॉ. आशीष अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है।

# गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार में धार्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन के गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार, नई आबादी, गली नंबर 5 में बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा समिति द्वारा आज गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर और चार साहिबजादों की शहादत को समर्पित धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेवा समिति के सेवादार प्रदीप सिंह सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग बनाए गए थे- जूनियर ग्रुप (5 से 12 वर्ष) और सीनियर ग्रुप (13 से 18 वर्ष)। जूनियर ग्रुप में 42 और सीनियर ग्रुप में 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को 27 दिसंबर 2024 को शहादत सप्ताह के समापन पर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सेवा समिति के सेवादार कुलविंदर सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर और साहिबजादों की शहादत को समर्पित यह शहीदी सप्ताह 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहीदी सप्ताह के अंतर्गत रोजाना शाम 7 बजे से 8-30 बजे तक धार्मिक समागम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें वाहेगुरु सिमरन, कथा विचार और कीर्तन के माध्यम से संगत को प्रेरित किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में बड़े साहिबजादों की शहादत को समर्पित प्रभात फेरी गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार और गुरुद्वारा कलगीधर साहिब, इंदिरा कॉलोनी से शुरू हुई। संगत ने शब्द गायन करते हुए सिख इतिहास के महान बलिदानों का स्मरण किया। धार्मिक समागम में भाई गुरप्रीत सिंह जी गंगानगर वाले ने कथा विचार प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। सेवा समिति ने जानकारी दी कि इस सप्ताह के दौरान संगत में से जो भी खंडे बाटे का अमृत ग्रहण करना चाहता है, वह अपना नाम दर्ज करा सकता है। इस आयोजन में गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार की प्रधान सतविंदर कौर, सेवा समिति के प्रदीप सिंह सैनी, सतनाम सिंह, कुलविंदर सिंह, वकील सिंह और प्रदीप सिंह सहित अन्य सेवादारों ने विशेष योगदान दिया। शहीदी सप्ताह के इस आयोजन ने संगत में धर्म, त्याग और साहस के प्रति गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।

# श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की बैठक आयोजित




जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की एक बैठक पूर्व अध्यक्ष किशन स्वामी की अध्यक्षता में बर्फानी भवन में आयोजित की गई । बैठक की शुरुआत में जयपुर अग्निकांड के मृतकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में नई कार्यकारिणी पर चर्चा शुरू हुई । संस्था के अध्यक्ष उदयराम बनिया ने बताया कि संरक्षक मंडल में किसन स्वामी, ओम सोनी व सुरेंद्र चुग को लिया गया । उपाध्यक्ष राधेश्याम स्वामी व इंद्राज सुथार को बनाया गया है। कार्यकारिणी में मोहन चौधरी, हेमंत डागा, सुमित शेखावत, रामकुमार ओझइया, सुमित सेतिया, विष्णु टॉक, लालचंद गेदर, अमरचंद, पूनम चंद सोलंकी, प्रमोद निरानिया, राकेश बिश्नोई, देवेंद्र शर्मा, विक्रम सैनी, रवि गाबा वह मोनू गाबा को शामिल किया गया है । प्रेस प्रवक्ता राजेंद्र उपाध्याय को बनाया गया है ।बैठक में संस्था की एंबुलेंस के चालक का वेतन बढ़ाने के अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था कार्य के दौरान यदि किसी पदाधिकारी या सदस्य का कोई अन्य व्यक्ति के साथ विवाद होता है तो उसका कोर्ट कचहरी का खर्चा संस्था वहन करेगी।

# एसआरएस प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन तहसील हनुमानगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह व जिला सम्मेलन सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** एसआरएस प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन, तहसील हनुमानगढ़ के शपथ ग्रहण समारोह व जिला सम्मेलन का आयोजन गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि विधायक गणेशराज बंसल, जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं प्रशासक उम्मेदीलाल मीणा, निवर्तमान सभापति सुमित रणवां, प्राईवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण विजय, एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जुनेजा, एसआरएस स्कूल संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरेक्टर मोहनलाल स्वामी और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रणवीर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विधायक गणेशराज बंसल व अन्य अतिथियों ने संगठन के नए पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तहसील अध्यक्ष शहरी गुरप्रीत सिंह और



तहसील अध्यक्ष ग्रामीण विजय सिंह चौहान के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी को उनके दायित्व सौंपे गए। विधायक गणेशराज बंसल ने अपने संबोधन में जिले की निजी शिक्षण संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन संस्थाओं के कारण हनुमानगढ़ जिले में शिक्षा का स्तर निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हनुमानगढ़ को शिक्षा नगरी के रूप में विकसित करने के लिए निजी शिक्षण संस्थाओं का योगदान उल्लेखनीय है। प्राईवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण विजय ने संगठन की एकता और सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले की शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा हितों की लड़ाई में राजस्थान भर में संगठन का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह एकता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जुनेजा ने शिक्षा में नवाचार और तकनीकी उन्नति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण संस्थाओं को अपने आप को अपडेट रखना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। एसआरएस स्कूल संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि विधायक गणेशराज बंसल ने शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं को हल करवाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर संस्थाओं की मांगों को मजबूती से प्रस्तुत किया। शर्मा ने कहा, हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे विधायक गणेशराज बंसल जैसे जिंदादिल व्यक्ति हमारे साथ हैं। संरक्षक सत्यदीप जोरा तहसील अध्यक्ष विजय सिंह चौहान और गुरप्रीत सिंह ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के प्रति प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी।

# राष्ट्रीय समरसता न्याय मंच की बैठक आयोजित

## वार्षिक कैलेंडर का विमोचन और रक्तदान शिविर की तैयारियां शुरू



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय समरसता न्याय मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष रामप्रताप भाट ने की। इस अवसर पर वार्षिक कैलेंडर का विमोचन और आगामी आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 3 जनवरी 2025 को सावित्रीबाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य रक्तदान शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में अध्यक्ष रामप्रताप उर्फ प्रकाशनाथ ने कहा कि सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिराव फुले द्वारा समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए महान कार्य आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि फुले दंपत्ति ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में जो योगदान दिया, उसे चिरस्मरणीय बनाने के लिए यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सभी समाज और धर्म के लोग ब?-च?कर हिस्सा लेंगे और रक्तदान करके फुले दंपत्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। भाट ने कहा कि यह आयोजन समाज में समरसता और एकता का संदेश देने का एक प्रयास है। बैठक के दौरान रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। शिविर में रक्त संग्रहण, आयोजन स्थल की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, और प्रतिभागियों के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों ने अपनी प्रतिबद्धता जताई। सचिव दुर्गादत्त सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले और ज्योतिराव फुले का जीवन और उनके कार्य हमें समाज में व्याप्त भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। रक्तदान शिविर न केवल एक स्वास्थ्य सेवा है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को निभाने का एक अवसर भी है। बैठक में शिविर के लिए आवश्यक तैयारियों जैसे चिकित्सा दल, रक्त संग्रहण इकाइयों और स्वयंसेवकों की भूमिका पर भी चर्चा हुई। साथ ही, लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई गई। इस मौके पर दलवीर सिंह सैनी, जगदीश कुमार सुथार, सुरेश कुमार सैनी, गुरतेज सिंह, रोहित स्वामी, बलवीर सिंह सैनी, राजीव कुमार प्रजापत, श्याम स्वामी, विजय टाक, रामेश्वर कुमार, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, ओमकार निराणीया, रामचंद्र सेवटा, ,बलदेव रामगढिया व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जंक्शन के हाउसिंग बोर्ड में तरुण विजय का अभिनंदन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। यह सम्मान उन्हें राजकीय संस्कृत विद्यालय को वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत करवाने के लिए उनके अथक प्रयासों और संघर्ष के लिए दिया गया। इस अवसर पर सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक संगठनों ने तरुण विजय के योगदान की सराहना की। सम्मान समारोह में बाल कल्याण समिति के सदस्य विजय सिंह चौहान ने कहा कि संस्कृत विद्यालय का वरिष्ठ उपाध्याय में क्रमोन्नत होना न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि अब हनुमानग? के बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने का अवसर यहीं पर मिल सकेगा। उन्होंने तरुण विजय के प्रयासों को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। तरुण विजय ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और राजनैतिक संगठनों के सामूहिक सहयोग की अहम भूमिका रही है।

# न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** रविवार को न्यायालय परिसर में इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। लोक अदालत में विवादो का निपटारा मौके पर ही किया गया। दरअसल, राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ताओं की समझाइश का परिणाम रहा कि दांडिक शमनीय मामले,दीवानी प्रकृति के मामले, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण के प्रकरण, बैंक वसूली एवं प्री लिटिगेशन के मामले तुरंत ही निस्तारित हुए। लोक अदालत को संबोधित करते हुए एसीजेएम रचना बिस्सा ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां धन वो समय की बचत तो होती ही है साथ में पक्षकारों के मध्य वैमनस्य की भावना भी नहीं रहती।विधिक सेवा प्राधिकरण की दूरदर्शी सोच का नतीजा है जो लोक अदालत की अवधारणा आमजन के हितार्थ फलीभूत हो रही है। लोक अदालत को लेकर तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एसीजेएम रचना बिस्सा, एसडीएम संजय कुमार व पैनल अधिवक्ता एमएल शर्मा की संयुक्त बेंच ने एडीजे, एसीजेएम, जेएम व राजस्व न्यायालय द्वारा रेफर मामलों तथा प्री लिटिगेशन के प्रकरणों में समझाइश की। लोक अदालत में कुल 218 प्रकरण मौके पर ही निस्तारित हुए। जिनमे 8 करोड़ 10 लाख 62 हजार 805 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। इस दौरान तहसीलदार पायल अग्रवाल, बार अध्यक्ष कमलेश पांडे, लिच्छीराम, संतलाल बिजारनिया, श्रवण वर्मा, बलराम कसवां, नरेश कड़वासरा, संजय बराडा, ओमप्रकाश आर्य,सतीश सहू , अर्जनलाल वर्मा, उमाशंकर गौड, रविन्द्र पारीक, राजेंद्र थोरी,हनुमान जोशी, संदीप नाई, न्यायिक कर्मी किशन छाछिया, अंकित अग्रवाल, हरिश्चंद्र लावा, नौरंगलाल काला सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व पक्षकारान मौजूद रहे।

